**कर्म**

आप कुछ भी करें कोई मायने नहीं रखता,लकिन आप उसे किस मन से कर रहे हैं यह बहुत मायने रखता है।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-263 ● कटनी ● गुरुवार, 28 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

## नवोदय स्कूल में हड़कंप, 33 बच्चे कोरोना संक्रमित

**बेंगलूरू।** कर्नाटक के कोडागु स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय स्कूल में कोरोना के नए मामले सामने आने से हड़कंप मच गया। इस स्कूल में बुधवार को 12 विद्यार्थी कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इससे स्कूल में संक्रमितों की संख्या 33 पहुंच गई है। दरअसल, संक्रमण का पता तब चला जब कुछ छात्रों को बुखार हो गया। स्कूल प्रबंधन ने जल्द ही सभी 270 छात्रों के लिए कोरोना टेस्ट करवाने की व्यवस्था की और बुधवार को इसकी रिपोर्ट आई, जिसमें ये सारे संक्रमित पाए गए।



### देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से 733 लोगों की मौत

देश में कोरोना से हर दिन मरने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़े के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना के 16,156 नए मामले सामने आए हैं। वहीं इस दौरान 733 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा भारत में सक्रिय मरीजों की संख्या 1,60,989 सक्रिय है, जो कि 143 दिनों में सबसे कम है। वहीं देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,56,386 हो गई है और कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 3,42,31,809 हो गई है।0 देश में एक बार फिर से कोरोना ने लोगों को डराना शुरू कर दिया है। संक्रमण के कारण मृतकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। भारत में एवाए 4.2 नामक कोरोना के नए वेरिएंट सामने आने के बाद से सरकार के साथ-साथ लोगों की चिंता भी एक बार फिर से बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस वेरिएंट पर बात करते हुए कहा कि सरकार की नजर इस मामले पर बनी हुई है और हर स्तर से इसकी जांच की जा रही है।

## कोविड युग में आपसी सहयोग भविष्य में हमारे संबंधों को मजबूत करेगा- मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े हुए पीएम मोदी ने कहा, कोरोना महामारी के कारण, हम सभी को बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। यह चुनौतीपूर्ण समय भी भारत-आसियान मित्रता की परीक्षा थी। हमारा आपसी सहयोग भविष्य में हमारे संबंधों को मजबूत करता रहेगा और हमारे लोगों के बीच सद्भावना का आधार बनेगा। इतिहास गवाह है कि भारत और आसियान के बीच हजारों साल से जीवंत संबंध रहे हैं। इनकी झलक हमारे साझा मूल्य, परम्पराएँ, भाषाएँ, ग्रन्थ, वास्तुकला, संस्कृति, खान-पान, दिखाते हैं। और इसलिए आसियान की भारत के लिए सदैव एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता रही है।

## फटाफट खबरें




### जल्द जारी होगा नीट यूजी का परिणाम

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाकर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के लिए नीट यूजी परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ कर दिया है। बता दें कि हाल ही में बॉम्बे हाई कोर्ट ने एनटीए को दो स्नातक चिकित्सा उम्मीदवारों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने आदेश में कहा था कि नीट परीक्षा दो छात्रों, वैष्णवी भोपाली और अभिषेक शिवाजी के लिए आयोजित की जानी चाहिए, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें गलत सीरियल नंबर के साथ प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं दी गई थीं। जिसके बाद केंद्र ने बॉम्बे एचसी के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें कहा गया था कि परिणाम तैयार होने पर भी एनटीए परिणाम घोषित नहीं कर सकता है।



### शानदार रिसॉर्ट में सात फेरे लेने वाले हैं विक्की और कटरीना?

**मुंबई।** शादी का सीजन शुरू हो चुका है और बॉलीवुड और टीवी जगत में भी अब कई कपल्स शादी के बंधन में बंधते नजर आ रहे हैं। वहीं इसी बीच एक बार फिर विक्की कौशल और कटरीना कैफ की शादी की खबरें जोर पकड़ रही हैं। हाल ही में ऐसी खबरें सामने आई हैं कि विक्की और कटरीना दिसंबर में शादी का प्लान कर रहे हैं और कटरीना सब्यसाची का लहंगा पहनने का मूड बना रही हैं। हालांकि खुद दोनों सितारों की तरफ से इस खबर को नकार दिया गया है लेकिन कुछ ऐसी बातें भी सामने आई है जिनसे इन खबरों को बल मिल रहा है।।

### मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में बदलाव तय

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप में भारत को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। क्रिकेट फैंस को उम्मीद थी की विराट कोहली की टीम इंडिया वर्ल्ड कप में शानदार आगाज करेगी। लेकिन ऐसा हो न सका। 24 अक्तूबर को दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हरा दिया। इस हार के बाद भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी या नहीं इस पर बहस जारी है। भारत का अगल मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ है। भारत का रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है।






# तीन सड़क हादसों में 11 मौतें

## हादसों का दिन — कटनी-जबलपुर मार्ग पर खड़े ट्रक में घुसी एम्बूलेंस, दो अन्य हादसे

**जबलपुर/ कटनी। जबलपुर के पास सिहोरा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कटनी के 2 युवकों सहित गर्भवती तथा गर्भस्थ शिशु सहित 5 लोगों की मौत हो गई।**



दरअसल उमरिया से गर्भवती रेखा बाई पति राजकुमार रावत 29 कटनी आई यहां से जबलपुर रिफर हुई थी। एम्बुलेंस को कटनी के युवक चला रहे थे जो कुठला थानांतर्गत निवासी थे जबकि एक महिला गर्भवती की देवरानी सिहोरा निवासी थीं। पुलिस के मुताबिक कटनी-जबलपुर हाईवे पर ट्रक एम पी 04 एचई 6135 को लाक करने के बाद चालक कहीं चला गया था। इंदवार गांव जिला उमरिया निवासी कुछ लोग एक गर्भवती महिला को एंबुलेंसएमपी 34 डी 2786 में लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराने ले जा रहे थे। पनागर में रुद्राक्ष फैमिली रेस्टोरेंट के सामने सड़क किनारे खड़े ट्रक से एंबुलेंस की सीधी भिड़ंत हो गई। ट्रक के पिछले हिस्से में घुसी एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए। रेस्टोरेंट में भोजन करने बैठे ग्राहक व कर्मचारियों में भगदड़ मच गई और वे दहशत में आ गए। भीषण सड़क हादसे में 2 लोग घायल हो गए हैं, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों में गीता पति लालमन रावत 40, राजकुमार पिता लालमन रावत 29, शामिल हैं। मृतकों के नाम छोटू उर्फ सिपाही लाल 22, निवासी सिरोंज कटनी, पिनया बाई 25, निवासी दमोह उमरिया, एम्बुलेंस ड्राइवर धन्नू यादव 18, निवासी कुठला कटनी हैं।

अंतिम पृष्ठ पर भी

### नासिक से इंदौर आ रही बस मानपुर में पलटी, दो की मौत

उधर नासिक से इंदौर आ रही सिटी लिंक बस एमपी 41 एमएन 0999 गुरुवार सुबह 5 बजे मानपुर के पास जानापाव कुटी ब्रिज पर पलट गई। हादसे में दो लोगों की बस के नीचे दबने से मौत हो गई। वहीं 9 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए इंदौर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के मुताबिक बस में सवार ज्यादातर लोग इंदौर आ रहे थे। यह भी बताया जा रहा है कि ड्राइवर और हेल्पर ने शराब पी रखी थी, सुबह ड्राइवर बस से नियंत्रण खो बैठा।

### 8 वाहन आपस में टकराए, 4 की मौत

मध्यप्रदेश में सेंधवा के पास आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर विजासन घाट पर बुधवार रात भीषण सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान आठ वाहन आपस में टकराए हैं। कई अन्य घायल हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। यह हादसा बडवानी जिले में सेंधवा के पास हुआ है। यह मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र का सीमाई इलाका है। बुधवार देर रात यह हादसा हुआ। हादसा इतना भीषण था कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मारे गए लोगों की शिनाख्त की जा रही है।



## मेटाडोर खाई में गिरी, 10 की मौत

**जम्मू।** डोडा जिले के ठाठरी में मेटाडोर के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से दस लोगों की मौत हो गई। हादसे में 15 से अधिक घायल हो गए हैं, जिनमें से सात लोगों को एयरलिफ्ट करके जम्मू लाया गया है। सूचना मिलने के बाद आसपास के ग्रामीण राहत और बचाव के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने सेना के जवानों के साथ मिलकर घायलों को खाई से निकाल जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल सभी की हालत स्थिर बनी हुई है। गुरुवार सुबह ठाठरी इलाके से जिला मुख्यालय डोडा आ रही मेटाडोर करीब आठ बजे सुईबारी कराड़ा के पास खाई में जा गिरी। अचानक चीख पुकार मचने के बाद आसपास के गांवों में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना पुलिस और सेना को दी। इसके तुरंत बाद सेना के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की सहायता से खाई में उतर घायलों को बाहर निकालने का प्रयास शुरु कर दिया। घटनास्थल से जिला मुख्यालय का दूरी करीब दस किलोमीटर है।

### तीन महिला प्रदर्शनकारियों को डंपर ने कुचला

**बहादुरगढ़।** कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग पर आंदोलन कर रहे किसानों के टीकरी बॉर्डर पड़ाव में झज्जर-बहादुरगढ़ रोड पर बाईपास के फ्लाईओवर के नीचे पंजाब की निवासी तीन किसान आंदोलनकारी महिलाओं की डंपर से कुचले जाने से मौत हो गई। हादसे में दो महिलाएं घायल हुई हैं। सभी महिलाएं मानसा की निवासी थीं। गुरुवार सुबह करीब 6.15 बजे यहां कुछ महिलाएं और पुरुष स्थानीय रेलवे स्टेशन जाने के लिए ऑटो रिक्शा का इंतजार कर रहे थे। उन्हें पंजाब जाना था।

## भ्रम में मत रहिए कि मोदी सत्ता से बाहर हो जाएंगे : पीके



**नई दिल्ली।** चुनावी रणनीतिकार और इंडियन पालिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के प्रमुख प्रशांत किशोर का एक बयान चर्चा में है। प्रशांत किशोर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आने वाले दशकों तक राजनीति में मजबूत ताकत बनी रहेगी। किशोर ने कहा कि जिस तरह से 40 साल पहले तक कांग्रेस सत्ता का केंद्र रही, उसी तरह भाजपा भी सत्ता के केंद्र में बनी रहेगी। चाहे चुनाव हारे या जीते। किशोर का मानना है कि भाजपा से 'कई दशकों तक' कांग्रेस और अन्य दलों को लड़ना होगा। उन्होंने आगे कहा कि एक बार जब कोई राष्ट्रीय स्तर पर 30 फीसदी वोट हासिल कर लेता है तो इतने जल्दी राजनीतिक तस्वीर से नहीं हटता। एक अंग्रेजी अखबार को दिए बयान में प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा भारतीय राजनीति में दशकों तक सत्ता के केंद्र में बनी रहेगी। प्रशांत किशोर ने राहुल गांधी के बारे में कहा कि वह जैसा समझते हैं वैसा होने वाला नहीं है। शायद उन्हें लगता है कि बस कुछ समय में लोग नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटा देंगे, लेकिन ऐसा नहीं है। जब तक आप मोदी की ताकत का अंदाजा नहीं लगा लेते, आप उन्हें हराने के लिए कभी भी काउंटर नहीं कर पाएंगे ।

## महिला की गरिमा से सरेआम खिलवाड़



वानखेड़े की पत्नी का आरोप

**मुंबई।** क्रूज ड्रग्स केस में चौतरफा घिरे एनसीबी के मुंबई जोन के डायरेक्टर समीर वानखेड़े की पत्नी क्रांति रेडकर ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर कहा कि शिवसेना के राज्य में एक महिला की गरिमा के साथ सरेआम खिलवाड़ हो रहा है, मजाक हो रहा है। आज बालासाहब ठाकरे होते तो निश्चित ही ये उन्हें स्वीकार नहीं होता। क्रांति ने अपने पत्र में आगे लिखा कि बचपन से मराठी आदमी के न्याय हक के लिए लड़ने वाली शिवसेना को देखते हुए मैं एक मराठी लड़की बड़ी हुई हूं। बाला साहब ठाकरे और छत्रपति शिवाजी से सीखा कि किसी पर अन्याय मत करो और खुद पर अन्याय मत सहो। आज मैं अकेले मेरे निजी जीवन पर हमला करने वाले लोगों के खिलाफ लड़ रही हूं।

## पाक की जीत पर जश्न मनाने वालों पर देशद्रोह का केस



**लखनऊ ।** टी-20 विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की जीत पर देश में कुछ लोगों ने जश्न मनाया। अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेतावनी दी है कि उनकी सरकार पिछले रविवार को दुबई में टी20 विश्व कप में सुपर 12 फेस-ऑफ में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की जीत का जश्न मनाने वालों के खिलाफ देशद्रोह का आरोप लगाएगी। सीएम योगी ने अपने ट्वीट में लिखा, 24 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए टी -20 विश्व कप मैच के बाद कुछ असामाजिक तत्वों ने भारतीय टीम के खिलाफ अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया और इससे शांति भंग हुई है। सीएम योगी के मुताबिक, अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आगरा, बरेली, बदायूं और सीतापुर में पांच मामले दर्ज किए गए हैं। कुल सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से 5 को हिरासत में ले लिया गया है। जांच चल रही है और सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## डिप्टी सीएम अजीत पवार के चचेरे भाई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने अजित पवार के चचेरे भाई जगदीश कदम के पुणे स्थित घर पर छापेमारी की है। जगदीश कदम पुणे की एक निजी चीनी फैक्ट्री दौंड शुगर्स के अध्यक्ष हैं। वह जल संसाधन विभाग में कुछ अनुबंधों से भी जुड़े हैं ।बता दें कि इससे पहले आयकर विभाग ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की पुणे जिले की एक निजी चीनी फैक्ट्री दौंड शुगर में सात अक्टूबर की सुबह छापेमारी की थी। लगभग 14 साल पहले, दौंड सहकारी ने दौंड तालुका के अलेगांव में एक चीनी कारखाना खरीदा और उसका निजीकरण कर दिया। अजित पवार के चचेरे भाई जगदीश कदम नगर जिले में कारखाने के अध्यक्ष हैं। पूर्व विधायक बालासाहेब जगदाले के बेटे और जिला परिषद सदस्य वीरधवल जगदाले और मुंबई के विवेक जाधव कारखाने के निदेशक हैं।

### पेट्रोल-डीजल पर राहत की तैयारी में योगी सरकार

**लखनऊ।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों से बेहाल जनता को थोड़ी राहत मिल सकती है। योगी सरकार ने इस पर विचार-विमर्श करने के लिए गुरुवार शाम को बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि प्रदेश सरकार अपने स्तर पर कीमतें कम कर सकती है।

## राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव शुरू



**रायपुर।** राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का शुभारंभ होने में अब से कुछ देर का ही समय बचा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का शुभारंभ करने गुरुवार को 12.20 बजे पहुंचे पहुंचे। राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। महोत्सव की शुरुआत राजगीत प्रस्तुत कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक गमछा भेंटकर भूपेश बघेल ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री रविन्द्र साहू का मंच पर स्वागत किया गया।

### मुख्य गवाह गोसावी पुणे से गिरफ्तार

**मुंबई।** आर्यन खान केस में मुख्य गवाह किरण गोसावी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार कर लिया गया है। गोसावी पर यह कार्रवाई धोखाधड़ी मामले में की गई है। पुणे पुलिस के मुताबिक, गोसावी को देर रात गिरफ्तार किया गया है। किरण गोसावी को 2018 धोखाधड़ी के एक मामले में हिरासत में लिया गया है जिसमें वह फरार था।

## घुटने पर झुकने को तैयार हुए क्विंटन डिकॉक

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक नहीं खेले थे। दरअसल, दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने अपने खिलाड़ियों को मैचों से पहले नस्लवाद के खिलाफ मुहिम में शामिल होने को कहा था। मगर टीम के पूर्व कप्तान डिकॉक ने निजी फैसला लेते हुए ऐसा करने से इनकार कर दिया था। इस बात पर वे ट्रोल हो गए और अब उन्हें माफी मांगनी पड़ी है। डिकॉक ने कहा है कि आने वाले मैचों में वे घुटने पर झुकने के लिए तैयार हैं। डिकॉक ने कहा है, च्मैं अपने साथियों और प्रशंसकों से सॉरी कहकर शुरुआत करना चाहूंगा। मैं कभी भी इसे मुद्दा नहीं बनाना चाहता था। मैं नस्लवाद के खिलाफ खड़े होने के महत्व को समझता हूं और मैं एक नजीर पेश करने के लिए खिलाड़ी के तौर पर अपनी जिम्मेदारी को भी समझता हूं। अगर मैं घुटने टेक कर नस्लवाद के खिलाफ दूसरों को शिक्षित करने में मदद करता हूं और इससे दूसरों के जीवन को बेहतर बनाता हूं तो मुझे ऐसा करने में बहुत खुशी होगी। डिकॉक ने आगे कहा, च्वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेलकर मेरा मतलब किसी का अपमान करना नहीं था।

**माफी मांगते हुए कहा- मैं नस्लवादी नहीं, खिलाड़ी के तौर पर जिम्मेदारी समझता हूं**

## एलियन की दुनिया में जाने का गुप्त दरवाजा !

**वेब डेस्क।** एलियंस को लेकर दुनिया में कई तरह के दावे किए जाते हैं। अक्सर लोग यूएफओ के देखने का दावा करते हैं जिसके बाद सभी के मन के सवाल खड़ा होता है कि आखिर एलियंस कहां पर रहते हैं। इनका ठिकाना कहां है, क्योंकि अभी तक वैज्ञानिक भी यह नहीं पता लगा पाए हैं कि आखिर एलियंस की दुनिया कहां है। अब इस बीच एलियंस की दुनिया को लेकर एक नया दावा किया जा रहा है। गूगल अर्थ में कई तस्वीरें मिलती हैं जो अलग-अलग स्रोतों से ली गई होती हैं। इसमें जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट में लगे सैटलाइट्स, धरती के पास लगे सैटलाइट्स, एयरप्लेन और ड्रोन से ली गईं तस्वीरें भी होती हैं। जियोसिंक्रोनस ऑर्बिट के सैटलाइट्स से धरती से हजारों किमी की दूरी से फोटो ली जा सकती हैं। गूगल अर्थ की तस्वीरों की सहायता से दुनिया की रहस्यमयी जगहों के बारे में भी जानकारी मिल चुकी है। अब इसकी मदद से एक शख्स ने अंटार्कटिका में एक रहस्यमयी दरवाजे का खोज किया है। आईए जानते हैं इस रहस्यमयी दरवाजे के बारे में... तस्वीर लेने वाले शख्स का दावा है कि यह दरवाजा अंटार्कटिका में बर्फ के बीच है। यूट्यूब पर शेयर किए गए वीडियो में यह दरवाजा साफ नजर आ रहा है। इसमें बर्फ और चट्टानों के बीच एक गुफा का दरवाजा दिख रहा है। इस दरवाजे के बारे में लोग जानना चाहते हैं कि आखिर इस दरवाजे का क्या रहस्य है? वीडियो देखने के बाद लोगों के मन में कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। इस वीडियो को देखने के बाद कई लोगों का कहना है कि यह एलियंस की दुनिया के गुप्त रास्ते का दरवाजा हो सकता है



## सामूहिक दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट पर महिला समेत सहआरोपितों को दस साल की सजा

**अशोकनगर।** सामूहिक दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट लिखाने वाली महिला को न्यायालय ने दोषी माना है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय ने इस महिला और मामले में सह आरोपित गुड्डीबाई पत्नी स्व. रमेश ओझा उम्र 46 साल निवासी नहर कालोनी अशोकनगर, गोपाल रजक पुत्र कल्याण उम्र 29 साल निवासी आजाद मोहल्ला अशोकनगर को 10-10 वर्ष की सजा व 2000-2000 रुपये के अर्थदंड लगाया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक जफर अहमद कुरैशी ने पैरवी की। मीडिया सेल प्रभारी आजम मोहम्मद ने बताया कि फरियादी ने 11 अगस्त 2014 को आरोपीगण के विरूद्ध देहात थाने पर रिपोर्ट की। जिस पर से पुलिस ने अपराध धारा 376(2)(जी), 506, 34 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया। आरोपितों से पूछताछ की गई। आरोपितों का डीएनए परीक्षण कराया गया, जिसका फरियादी से मिलान नहीं हुआ।

# दीवाली को लेकर शहर में तैयारियां तेज

## सुभाष चौक से हनुमान मंदिर के बीच पार्किंग की जगह लग रहीं फुटकर दुकानें

### हर पल लग रहा जाम, नगर निगम द्वारा दीवाली बाजार के लिए इस बार भी नहीं किए गए वैकल्पिक इंतजाम



**कटनी।** रोशनी के महापर्व दीपावली के लिए अब केवल एक सप्ताह से भी कम का समय शेष रह गया है। लोग पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं। घरों, कार्यालयों के साथ ही दुकानों में इस समय सफाई और रंग-रोंगन का काम चल रहा है। व्यापारी और दुकानदारों ने भी पर्व के मद्देनजर नया स्टाक मंगवा लिया है। पिछले दो साल से कोरोना संक्रमण के चलते आर्थिक मंदी की मार झेल रहे दुकानदारों और व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार अच्छी ग्राहकी होगी। दीपावली का पर्व महीने की शुरूआत में होने के कारण शासकीय कर्मचारियों को पर्व के पहले वेतन भुगतान भी किये जाने की खबर है। उधर दूसरी तरफ हर साल की तरह इस साल भी दीपावली का फुटकर बाजार शहर के मुख्य मार्ग पर लगने लगा है, हालांकि पिछले साल की तुलना में इस बार फुटकर दुकानें एक सप्ताह पहले ही सड़क पर लग गई हैं। सुभाष चौक से हनुमान मंदिर मार्ग पर जिस स्थान पर पार्किंग होती थी, वहां पर फुटकर दुकानें लग रही हैं, इससे खरीददारी के लिए आने वाले लोगों कों अपने दुपहिया वाहन खड़े करने में दिक्कत हो रही है। नगर निगम द्वारा इस बार भी फुटकर दुकानदारों के लिए अस्थायी व्यवस्था नहीं की गई है, जबकि शहर के लोगों का कहना है कि साधूराम स्कूल, गुलाबचंद्र स्कूल सहित अन्य स्थानों पर दीपावली का फुटकर बाजार लगाए जाने से न केवल मुख्य मार्ग पर जाम से निजात मिलेगा, वरन लोगों को एक ही स्थान पर खरीदी करने की सुविधा मिलेगी। लोगों ने नगर निगम प्रशासक कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त का ध्यान इस ओर दिलाया है।

#### गोलबाजार में लगती हैं मूर्ति की दुकानें

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व के पहले गणेश और लक्ष्मी जी की प्रतिमाओं की दुकानें गोलबाजार रामलीला मैदान में लगती हैं। यहां करीब आधा सैकड़ा से अधिक दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं। नगर निगम द्वारा मूर्तियों के लिए स्थान निर्धारित किए जाने के बाद भी शहर के मुख्य मार्ग पर सड़कों पर गणेश-लक्ष्मी जी की प्रतिमाओं की फुटकर दुकानें लगती हैं। गोलबाजार में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम द्वारा जब यहां मूर्ति बाजार के लिए स्थान निर्धारित किया गया है तो फिर अन्य स्थानों पर दुकानें क्यों लगती हैं, इससे उनकी ग्राहकी पर असर पड़ता है।

#### रविवार से बाजार में बढ़ेगी भीड़

इस बार दीपावली का पर्व गुरूवार 4 नवंबर को है। पर्व के लिए अब ज्यादा दिन का समय बाकी नहीं है, लिहाजा लोग पर्व की तैयारियों में जुटे हुए हैं। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत 2 नवंबर को धनतेरस से होगी, इस दिन शाम से लेकर देर रात तक खरीददारी का सिलसिला चलता रहेगा। इसके पहले 30 अक्टूबर को रविवार है। इस दिन लोग ज्यादा से ज्यादा खरीददारी करने की कोशिश करेंगे। अवकाश होने के कारण इस दिन बाजार में ज्यादा भीड़ नजर आएगी। दुकानदारों का कहना है कि पर्व के मद्देनजर उन्होंने तैयारियां कर ली हैं। नया स्टाक मंगवा लिया गया है। दुकानदारों का कहना है कि कोरोना संक्रमण के चलते पिछले करीब दो साल से वे आर्थिक मंदी की मार झेल रहे हैं। महंगाई की मार ने हर वर्ग को परेशान कर दिया है, इन सबके बीच दीपावली पर्व पर उन्हें अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद है।



# धनतेरस से शुरू होगा पांच दिवसीय दीप पर्व

## 4 नवंबर को मनेगी दीपावली

**कटनी।** हिंदू धर्म में दिवाली का त्योहार बहुत उत्साह और जोश के साथ मनाया जाता है। कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक अमावस्या तिथि पर भगवान श्री राम 14 वर्षों का वनवास काटकर और लंका पर विजय करने के बाद अयोध्या लौटे थे। जिसकी खुशी में सारे अयोध्यावासी इस दिन पूरे नगर को अपने राजा प्रभु राम के स्वागत में दीप जलाकर उत्सव मनाया था। धनतेरस दिवाली का पहला दिन माना जाता है। इसके बाद नरक चतुर्दशी फिर दिवाली, गोवर्धन पूजा और आखिरी में भैयादूज का त्योहार मनाया जाता है।

#### धनतेरस से होगी शुरूआत

पहले दिन को धनतेरस कहते हैं। दीपावली महोत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है। इसे धन त्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज, धन के देवता कुबेर और आयुर्वेदाचार्य धन्वंतरि की पूजा का महत्व है। इसी दिन समुद्र मंथन में भगवान धन्वंतरि अमृत कलश के साथ प्रकट हुए थे और उनके साथ आभूषण व बहुमूल्य रत्न भी समुद्र मंथन से प्राप्त हुए थे। तभी से इस दिन का नाम धनतेरस पड़ा और इस दिन बर्तन, धातु व आभूषण खरीदने की परंपरा शुरू हुई।

#### दूसरे दिन रूप चौदस

दूसरे दिन को नरक चतुर्दशीए रूप चौदस और काली चौदस कहते हैं। इसी दिन नरकासुर का वध कर भगवान श्रीकृष्ण ने 16,100 कन्याओं को नरकासुर के बंदीगृह से मुक्त कर उन्हें सम्मान प्रदान किया था। इस उपलक्ष्य में दीयों की बारात सजाई जाती है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि इस दिन सूर्योदय से पूर्व उबटन एवं स्नान करने से समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन से एक ओर मान्यता जुड़ी हुई है जिसके अनुसार इस दिन उबटन करने से रूप व सौंदर्य में वृद्धि होती है।

#### तीसरे दिन मनेगी दीपावली

तीसरे दिन को दीपावली कहते हैं। यही मुख्य पर्व होता है। दीपावली का पर्व विशेष रूप से मां लक्ष्मी के पूजन का पर्व होता है। कार्तिक माह की अमावस्या को ही समुद्र मंथन से मां लक्ष्मी प्रकट हुई थीं जिन्हें धन, वैभव, ऐश्वर्य और सुख-समृद्धि की देवी माना जाता है। अतः इस दिन मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए दीप जलाए जाते हैं ताकि अमावस्या की रात के अंधकार में दीपों से वातावरण रोशन हो जाए। दूसरी मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान रामचन्द्रजी माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ 14 वर्षों का वनवास समाप्त कर घर लौटे थे। श्रीराम के स्वागत हेतु अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाए थे और नगरभर को आभायुक्त कर दिया था। तभी से दीपावली के दिन दीप जलाने की परंपरा है।

#### चौथे दिन होगी गोवर्धन पूजा

चौथे दिन अन्नकूट या गोवर्धन पूजा होती है। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट उत्सव मनाना जाता है। इसे पड़वा या प्रतिपदा भी कहते हैं। खासकर इस दिन घर के पालतू बैल, गाय, बकरी आदि को अच्छे से स्नान कराकर उन्हें सजाया जाता है। फिर इस दिन घर के आंगन में गोबर से गोवर्धन बनाए जाते हैं और उनका पूजन कर पकवानों का भोग अर्पित किया जाता है। इस दिन को लेकर मान्यता है कि त्रेतायुग में जब इन्द्रदेव ने गोकुल वासियों से नाराज होकर मूसलधार बारिश शुरू कर दी थी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर गांववासियों को गोवर्धन की छांव में सुरक्षित किया। तभी से इस दिन गोवर्धन पूजन की परंपरा भी चली आ रही है।

#### पांचवे दिन भाईदूज

इस दिन को भाई दूज और यम द्वितीया कहते हैं। भाई दूज, पांच दिवसीय दीपावली महापर्व का अंतिम दिन होता है। भाई दूज का पर्व भाई-बहन के रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने और भाई की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन को अपने घर बुलाता है जबकि भाई दूज पर बहन अपने भाई को अपने घर बुलाकर उसे तिलक कर भोजन कराती है और उसकी लंबी उम्र की कामना करती है।



# बच्चों के फ्राइम्स कुरकुरे के नाम पर कई अमानक ब्रांडों से भरा बाजार

### बच्चों को 10 से 20 रुपए पॉकिट मनी देकर अभिभावक भी नहीं देते ध्यान, खाद्य व सुरक्षा विभाग बना अनजान

**कटनी।** बच्चों के लिए विभिन्न नामों की खाद्य सामग्री और पैकेट शहर से लेकर गांवों तक में पहुंच रही है। बच्चों की पैकिट खाद्य सामग्री का एक बड़ा बाजार फैल चुका है। जहां हर तरफ रंग-बिरंगे पैकेट नजर आ जाते हैं लेकिन इनमें अमानक खाद्य सामग्री भी हो सकती है जो बच्चों के लिए नुकसान दायक होती है, इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 3 साल से 12 साल के बच्चों को प्रतिदिन अभिभावक 10 से 20 रुपए कुछ बाहर से खाने के लिए देते हैं। बच्चे आसपास की दुकानों से कुछ पैकेट लेकर आ जाते हैं लेकिन अभिभावकों द्वारा कभी भी इस पर गौर नहीं किया जाता है कि आखिर जो बच्चा सामग्री बाहर से लाकर खा रहा है। अभिभावकों की लापरवाही का फायदा उठाते हुए कई नामों से फ्राइम्स व कुरकुरे बाजार में बोरियों में आते जाते व दुकानों के बाहर दिखाई दे रहे हैं। कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बच्चों की पॉकिट मनी को देखते हुए अब गांवों में विभिन्न नामों से इन ब्रांडों की पैकिंग होने लगी है। जिसमें लाइसेंस व अन्य अर्हताएं तो पूरी कर ली जाती है लेकिन पैकिंग पर दर्शाने वाले कई बिंदुओं को नजरअंदाज किया जाता है। जिससे प्रोडक्ट की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होने लगते हैं।

#### खाद्य वस्तु के अंदर प्लास्टिक खिलौने

बच्चों को आकर्षित करने के लिए खाद्य वस्तुओं के अंदर ही प्लास्टिक के खिलौने भी डाले जा रहे हैं। इन खिलौनों की प्लास्टिक हानिकारक होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भारत सरकार ने बच्चों की खाद्य सामग्री में इस तरह के खिलौने डाले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन बगैर वैध प्रमाणीकरण के कारोबार कर रहे इन व्यवसायियों द्वारा दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। बच्चों की खाद्य सामग्री के साथ खिलौने देने पर कोई प्रतिबंध नहीं है लेकिन इसके लिए खाद्य वस्तु से अलग पैकिंग की व्यवस्था करने के निर्देश देते हैं लेकिन अलग पैकिंग में लगने वाली मशीनों व अन्य खर्चों को बचाने के लिए खाद्य वस्तुओं में ही खिलौने डाले जा रहे हैं।

#### निर्माण व एक्सपायर डेट नदारद

दुकानों पर बिक रहे अनेक पैकेटों पर निर्माण व एक्सपायर डेट भी नदारद रहती है। कुछ खाद्य सामग्री पर वेस्ट बिफोर मंथ 12 माह लिख दिया जाता है लेकिन उस पर यह नहीं लिखा जाता है कि यह सामग्री कब बनकर पैक हुई और कब यह इस्तेमाल से बाहर हो जाएगी। इस नियम का प्रयोग भी नहीं किया जा रहा है।

# शहर के प्रत्येक वार्ड में खाली प्लाटों में जमा गंदा पानी

### मच्छरों को पनपने का मिल रहा मौका, बढ़ रहे मरीज



**कटनी।** शहर के 45 वार्ड सहित ग्रामीण इलाकों में बनी कॉलोनियों के खाली प्लाटों में बारिश का जमा पानी मच्छरों की तादाद बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जिसका असर यह हो रहा है कि अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में वायरल बुखार मरीजों की संख्या 50 प्रतिशत पहुंच रही है। ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों में से अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित रहते हैं। शहर में स्वच्छता व मच्छरों का उन्मूलन सड़कों पर या सार्वजनिक स्थलों पर दिखाई देता है। जरा शहर से हटे और गलियों में पहुंचे तो वहां खाली प्लाटों में बारिश का गंदा पानी भरा हुआ है। नालियों की सफाई न होने से छोटी-छोटी नालियों का पानी वार्ड में ही एकत्रित हो रहा है। इसके साथ ही मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छर बढ़ रहे हैं। शहर में देखने में आ रहा है कि पिछले साल की अपेक्षा इस साल वायरल सीजन में फैलने वाली बीमारियों में काफी इजाफा हुआ है। जिसका कारण यह है कि इस बार वार्डों में जमा पानी में मच्छर न पनपे इसके लिए नगर निगम व मलेरिया विभाग द्वारा दवाओं का छिड़काव नहीं किया गया है। इसके अलावा आसपास के लोग भी मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घरेलू उपाय करते थे, वह भी इस बार नहीं कर रहे हैं। जिससे मलेरिया फैलाने वाले मच्छर के साथ डेंगू मच्छर को भी पनपने और रोग फैलाने का अवसर मिल रहा है। नगर निगम की फागिंग मशीन कभी कभार केवल शहर मुख्य सड़कों पर ही धुआं-धुआं करती हुई निकलती है जबकि वार्डों की गलियों व खाली प्लाटों के अलावा कॉलोनी क्षेत्र में शाम होते ही बड़ी संख्या में मच्छर भिनभिनाने लगते हैं कि लोगों का दो मिनट भी बाहर खड़ा होना मुश्किल हो जाता है ऐसे इलाको में कभी फागिंग मशीन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है। फागिंग मशीन का इस्तेमाल केवल बाजार क्षेत्र की सड़कों पर किया जा रहा है जबकि बाजार क्षेत्र में मच्छर नहीं रहते हैं। वह रहवासी इलाकों में ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।

#### दिन में गर्मी, रात में ठंडी

वायरल सीजन के बुखार फैलाने में मौसम भी प्रमुख कारण बन रहा है। दिन में जहां तापमान अधिकतम तापमान 34 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं रात का तापमान 24 डिग्री पर आ रहा है। दिन और रात में सीधे 10 डिग्री के तापमान के उतार चढ़ाव के कारण वायरल बुखार को गर्मी के बाद ठंडी मिलने से उसे पनपने के लिए मौका मिला रहा है। जिससे मरीज लगातार बढ़ रहे हैं।

#### प्रतिदिन सैकड़ों हो रहे बीमार

अस्पताल में जहां सैकड़ों मरीज बुखार के पीड़ित पहुंच रहे हैं, वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा निजी चिकित्सकों, झोलाछापों व निजी अस्पतालों में वायरल बुखार के मरीज आ रहे है। जिनकी संख्या 500 से अधिक बताई जा रही है। इसके बाद इन्हीं मरीजों की जांच होने पर इनमें मलेरिया, टाइफाइड व डेंगू के लक्षण मिल रहे हैं। इसके अलावा खून की कमी व बीपी लो होने की समस्या भी बुखार के साथ सामने आ रही है।

## कार्यालय नगरपालिका निगम, कटनी म.प्र.

क्रमांक/3749/लो.नि.वि./निर्माण/2021 **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 18/10/2021

नगरपालिका निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें http//www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के भवन/रोड एण्ड ब्रिज आई.एस.एस.आर. 2021 के आधार पर प्रतिशत दर कम या अधिक पर दी जावें। समस्त शर्ते व कार्यो की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयनी कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल http//www.mpetenders.gov.in में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी को होगा। नवीन सेवा नियम प्रभावशील रहेगा।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रूपये लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मदन मोहन चौबे वार्ड के बंधवा टोला स्कूल के पास नाला निर्माण कार्य | 35.37 | 26528 | 120 दिवस | 5000/- | प्रथम |
| 2. | नेहरू वार्ड में शांति पार्क के सामने आर.सी.सी रोड निर्माण | 12.62 | 9465 | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 3. | हेमूकालोनी वार्ड में वरयानी के मकान से वैभव पार्लर तक सी.सी.रोड निर्माण कार्या। | 11.07 | 7552 | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 4. | झंडा बाजार की गोल सड़क, लक्ष्मीबाई चौक से सुभाष चौक, एवं गणेश चौक से पारसनाथ ग्राफिक्स तक डामरीकरण कार्य से मरम्मत कार्य | 24.86 | 18645 | 30 दिवस | 5000/- | प्रथम |
| 5. | घंटाघर से गर्ग चौराहा, लक्ष्मीबाई चौक से सी.ए. पटेरिया के घर तक डामरीकरण कार्य। | 34.73 | 26048 | 30 दिवस | 5000/- | प्रथम |

नोटः- शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा, जो अनुबंध का एक अंश होंगे निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही। (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 25/10/2021 को सायंकाल 5:30 बजे से। (2) निविदा प्रपत्र बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/11/2021 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (3) बिड खोलने की तिथि 29/11/2021 को दोप. 03:00 बजे से।

कार्यापालन यंत्री
वास्ते-आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी

## बैग गुमा

सूचित किया जाता है कि मैं दिनांक 04.08.2021 को बस में कटनी से पन्ना अपना बी.एड. का फार्म भरने जा रहा था, मैं शाहनगर पर पानी पीने के लिए उतरा उसी दौरान मेरा बैग जो काले रंग का था चोरी हो गया था, जिसमें मेरी कक्षा 10वीं की मूल अंकसूची जिसका अनुक्रमांक 1216604 जो मैंने सन् 2014 एवं कक्षा 12वीं की मूल अंकसूची जिसका अनुक्रमांक 1711489 सन् 2016 में उत्तीर्ण की थी गुम हो गई हैं जो काफी खोजने पर भी नहीं मिली, जिस किसी सज्जन को मिले निम्न पते पर सूचित करें।

**सुजीत सिंह ठाकुर**
**पता- ग्राम पटौंहा तहसील रीठी जिला कटनी (म.प्र.) मो. 9752922898**

## न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.

क्रमांक 284/प्रवा.वि. अधि./2021 कटनी दिनांक - 27/10/2021

**प्रारूप (ख) सूचना का प्रारूप ।। नियम 6(1) देखिये।**

चूंकि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदक अविनाश विश्वकर्मा पिता श्री उमेश विश्वकर्मा (अविवाहित) साकिन पाठक वार्ड लक्ष्मी पान भंडार के पास मुड़वारा तहसील व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483501 एवं आवेदिका अंजली चौधरी पिता श्री रमेश चौधरी (अविवाहित) साकिन खिरहनी फाटक डॉ. रमन के पीछे सावरकर वार्ड मुड़वारा तहसील व जिला कटनी द्वारा मध्यप्रदेश हिन्दु विवाह रजिस्ट्रीकरण नियम 1984 के नियम 4 उपनियम (1) के अधीन आवेदन जिसकी प्रति संलग्न है अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया गया है और उक्त वक्त आवेदन पर विचार करने के लिए तारीख **29/11/2021** नियत की गई है। आपको एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टयों की सत्यता स्वीकार करते हैं और क्या विवाह के तथ्यों को हिन्दू विवाह के तथ्यों को हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955/(1955 का सं. 25) की धारा 8 के अधीन बनाये रखे गये हिन्दू विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने के संबंध में आपको कोई आपत्ति है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो वह समझा जावेगा कि विवाह के रजिस्ट्रीकरण के संबंध में आपको कोई आपत्ति नहीं है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख **29/11/2021** को उपस्थित हो सकते है और ऐसा न करने पर कार्यवाहियां आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होंगी।

**अपर कलेक्टर एवं रजिस्ट्रार हिन्दू विवाह**
**जिला-कटनी (म.प्र.)**

**Presiding Officer: श्री सूर्यप्रकाश शर्मा**

आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु

MACC/0000257/2018

**कल्लू बाई.... वादी VS रग्घी पटेल.......प्रतिवादी**

**Process id- 868/2021, पेशी दिनांक- 02/12/2021 पी नं.338/204**

प्रेषिती, (1) रग्घी पटेल पिता दसैया पटेल पता म.नं. 67/1 शंकरगढ़ पहरूआ जिला कटनी म.प्र. (2) मो. मंसूर खान अन्य मोहम्मद फकीर पता- नई कटनी आफिसर कालोनी शिवाजी वार्ड कटनी म.प्र.

यह कि प्रार्थी कल्लू बाई ने आपके विरुद्ध धारा 166 मोटर यान के अंतर्गत आवेदन किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराएं। आज तारीख 21 अक्टूबर 2021 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।**

**न्यायाधीश- सूर्यप्रकाश शर्मा, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश के तृतीय अतिरिक्त सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कटनी (म.प्र.)**


## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 2 शो ता. 29 से दोपहर 12, एवं 1.30 बजे से

**VENOM (हिन्दी में)**

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, साइंस फिक्शन फिल्म



रोजाना 3 शो ता. 29 से दोपहर 3, 5.30 एवं रात्रि 8 बजे से

**DUNE (हिन्दी में)**

(PART ONE)

कलाकार- टिमोटी क्लेमेट, रेबेका फरगुसन, ऑस्कर ईसाक, जोश ब्रोलीन, स्टीफन मेकिन्ली आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरूवार, 28 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ते को अधूरी खुशी मान रहे शासकीय कर्मचारी

## अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चे ने जुलाई के बजाए अक्टूबर से 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ते दिए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

**कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों को 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिए जाने की घोषणा की है पर अनेक कर्मचारी संगठन इसे आधी खुशी बता रहे। इन संगठनों का कहना है कि मंहगाई भत्ता केन्द्र के समान 8 की जगह 28 प्रतिशत दिया जाता साथ ही इसे अक्टूबर के बजाए एक जुलाई से लागू किया जाता तो यह कर्मचारियों के लिए सचमुच दीवाली की पूरी खुशी होती। मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को 1 जुलाई 2021 से 8 प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ न देकर अक्टूबर 2021 से दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि केन्द्र सरकार सहित अन्य कई राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों को जुलाई 2021 से 28 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का लाभ दिया जा रहा है।

मध्यप्रदेश शासकीय अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन प्रेषित किया है। संयुक्त मोर्चे की ओर से भेजे गए ज्ञापन की जानकारी देते हुए प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि केन्द्र एवं कई राज्य सरकारें 28 प्रतिशत मंहगाई भत्ता एक जुलाई 2021 से दे रहीं है। जबकि मध्यप्रदेश शासन ने जुलाई की बजाए अक्टूबर से केवल 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिए जाने की घोषणा की है। ऐसा होने से 16 प्रतिशत महंगाई भत्ता उन्हें निर्धारित तिथियों से कभी नसीब ही नहीं हो सकता। जबकि कर्मचारी यह मानकर चल रहा था कि कोविड के कारण उसे अभी भत्ता भले ही नहीं मिल रहा है, लेकिन समय और परिस्थितियों के सुधरते ही राज्य शासन उसके हक़ का पाई पाई उन्हें प्रदान करेगा। आज जो 8 प्रश्तिात भत्ता अक्टूबर से मिलने हेतु आदेश हुये हैं वह वास्तव में जुलाई 2021 के स्थान पर 3 महीने बाद दिया जा रहा है। ज्ञापन में मंहगाई की ओर ध्यान आकृषित करते हुए कहा गया है कि आज गैस, पेट्रोल, तेल, दाल अनाज सभी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। एक तरफ केंद्र सरकार दीपावली के मौके पर 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं बोनस अपने कर्मचारियों को देने जा रही है, दूसरी तरफ मध्य प्रदेश सरकार 8प्रतिशत का झुनझुना पकड़ा कर अपनी पीठ स्वयं थपथपा रही है। जबकि प्रदेश के कर्मचारी केन्द्र से इन दिनों 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते से पीछे हो गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था, प्रदेश के कर्मचारियों क़ो केंद्रीय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाएगा, लेकिन उसका पालन न हो पाने से कर्मचारी वर्ग इन दिनों बेहद हताशऔर परेशान है। जब केंद्र सरकार व अन्य राज्य अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता दे रहे हैं, तो मध्यप्रदेश शासन को भी जुलाई 2021 से 31 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्रदान करना चाहिए था ।

### 3 महीने में 840 करोड बचा रही सरकार

संयुक्त मोर्चे के प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि शासकीय कर्मचारियों की जुलाई की जगह अक्टूबर मंहगाई भत्ता लागू किए जाने के पीछे सरकार की मंशा 3 महीने में 840 करोड़ रूपए बचाने की है। 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता जुलाई 2021 से ना देने पर 3 महीने में कर्मचारी को हुये नुकसान क़ो बताते हुये प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि इससे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को 3720 से 6960 रूपए, तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को 4680 से 16820रुपये, द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को 13464 से 27120, और प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को 29625 से 48560 का आर्थिक नुकसान हुआ है। आरोप लगाया है कि सरकार द्वारा 3 महीने में केंद्र के समान महंगाई भत्ता ना देकर लगभग 840करोड़ रुपए बचा लिये गये हैं।

# अपनी ही राशि पाने के लिए भटक रहे मृत शिक्षकों के परिजन

## मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर जताया आक्रोश

**कटनी।** सेवा में रहते हुए अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं का निधन हो जाने अथवा सेवानिवृत्त हो जाने के बाद भी उन्हें राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने इस पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शासन को एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें संबंधित शिक्षकों के परिजनों एंव सेवानिवृत्त शिक्षकों को राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ नहीं दिये जाने पर इनके साथ मिलकर आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी गई। शिक्षक कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि जिले में कोविड महामारी एवं सामान्य मृत्यु के तहत गत एक वर्ष के भीतर लगभग 40 शिक्षक/शिक्षिकाओं का सेवा में रहते हुए निधन हो चुका है। दिवंगत हो जाने वाले अधिकांश शिक्षक ऐसे संवर्ग के है जो राष्ट्रीय पेंशन योजना स्कीम एन.एस.डी.एल. के दायरे में आते हैं, साथ ही एक वर्ष के भीतर लगभग 15 ऐसे ही राष्ट्रीय पेंशन योजनांतर्गत आने वाले शिक्षक सेवानिवृत्त भी हुए है। इन दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को कोई पेंशन का प्रावधान तो हैं नहीं एकमात्र सेवाकाल के दौरान संवित राशि का ही सहारा है, किन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि इतना लंबा समय गुजर जाने के पश्चात भी इनकी राशि इन्हें अप्राप्त है। परिजनों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय से राशि प्राप्ति के विषय में संपर्क किये जाने पर उन्हें सिर्फ निराशा ही मिल रही है। शासन एवं शिक्षा विभाग के इस रवैये पर म. प्र. शिक्षक कांग्रेस ने गहन चिंता व्यक्त की है। शिक्षक कांग्रेस के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव इलयास अहमद, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने इस महत्वपूर्ण विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की तो उनके द्वारा इन प्रकरणों पर अनभिज्ञता प्रकट करते हुए जल्द कार्यवाही किये जाने की बात कही है। शिक्षक कांग्रेस द्वारा इस संबंध में एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौंपा गया है। जिसमें उल्लेख किया है कि यदि एक माह के भीतर मृत शिक्षकों के परिजनों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनकी स्वयं की राशि प्राप्त नहीं होती है तो इन सभी परिवार जनों एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ धरना प्रदर्शन किया जावेगा।

# स्वच्छता को लेकर आजाद चौक में चलाया वादा करो अभियान

## सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज की गतिविधियों से लोगों को कराया अवगत



**कटनी।** सीवर एवं सैप्टिक टेंकों की सुरक्षित सफाई एवं स्वच्छता मित्रों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्धेश्य सुरक्षित संसाधनों एवं मशीनरी के माध्यम से नागरिकों को अपनें घरों के सीवर एवं सैप्टिक टैकों की सफाई हेतु जागरूक करना है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन नें जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन मे निगम प्रशासन द्वारा रोजाना अभियान के माध्यम से नागरिकों को सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के संबंध में अवगत कराते हुए टोल फ्री नंबर 14420 पर कॉल कर हर तीन वर्ष में सैप्टिक टेंकों की पूर्ण सुरक्षात्मक रूप से सफाई कराये जानें हेतु जागरूक किया जा रहा है। निगम प्रशासन की नियुक्त एजेंसी द्वारा चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित आजाद चौक के रहवासी स्थलों में वादा करें अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान उपस्थिति रहवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होनें वाले नुकसानों से अवगत कराते हुए अमानक प्लास्टिक का उपयोग न करनें, गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग डस्टबिन में रखकर नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई।

## जनसुनवाई में शिकायत मिलने पर सीईओ जिला पंचायत ने सेंट्रल बैंक के नाम जारी किया नोटिस

# बैंक ने पेंशन और मजदूरी से काट ली कर्ज की राशि



**कटनी।** ढीमरखेड़ा में आयोजित जनसुनवाई शिविर के दौरान एक वृद्धा ने शिकायत सुन रहे जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे को बताया कि मुरवारी के सेंट्रल बैंक द्वारा उसे शासन से मिलने वाली पेंशन की राशि और मनरेगा के मजदूरी भुगतान की राशि बैंक के कर्ज में काट ली है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीईओ श्री गोमे ने संबंधित बैंक प्रबंधक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बीते मंगलवार को जिले में जिला मुख्यालय सहित राजस्व अनुविभाग, विकासखण्ड एवं तहसीलस्तर पर जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें समस्याओं को लेकर जनुसनवाई में पहुंचने वाले नागरिकों की समस्यायें सुनीं गई। वहीं उनके निराकरण के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसी क्रम में मंगलवार को ढीमरखेड़ा विकासखण्ड मुख्यालय में जनसुनवाई आयोजित हुई। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा कार्यालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से जनसुवाई में पहुंचे आवेदकों की सस्यायें सुनते हुये उनसे आवेदन प्राप्त किये। इस दौरान प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुये उनके यथोचित् निराकरण के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम अन्तर्वेद निवासी झुटकी बाई ने अपना आवेदन सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे को दिया। उसने बताया कि सेन्ट्रल बैंक मुरवारी द्वारा उनके खाते में आई पेंशन और मनरेगा के भुगतान की राशि कर्ज में काट ली गई है। श्री गोमे इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुये बैक शाखा को इस संबंध में मंगलवार की शाम तक आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया। मंगलवार को ढीमरखेड़ा में आयोजित जनसुनवाई में दौरान 14 आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये। जिन पर यथोचित् कार्रवाई के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव संचालन के लिए 34 समितियों का गठन

**कटनी।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 को दृष्टिगत रखते हुये जिले में निर्वाचन के सुचारु संचालन क लिये 34 समितियों का गठन किया गया है। इन गठित समस्त समितियों के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा सचिव उप जिला निर्वाचन अधिकारी होंगे। इस संबंध में आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी कर दिये गये हैं। इन समितियों में जिले में कानून व्यवस्था एवं आदर्श आचरण संहिता का क्रियान्वयन, परिवहन व्यवस्था, फोटो युक्त मतदाता सूचियां एवं मतदान केन्द्र व्यवस्था प्रबंधन, मतदान दलों एवं मतगणना दलों का गठन, मतदान दलों व निर्वाचन कार्य में लगे अन्य पदाधिकारियों का प्रशिक्षण व्यवस्था, ईव्हीएम प्रबंधन, मतपत्रों का प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, सेक्टर निर्धारित कर सेक्टर ऑफीसर की नियुक्त एवं सेक्टर रुट चार्ट तैयार करना, पीओएल व्यवस्था, मतदान सामग्री वितरण व वापसी स्थल प्रबंधन, शिकायतों की मॉनीटरिंग, कन्ट्रोल रुम, विधिक सलाहकार समिति, मतगणना स्थल की व्यवस्थायें, ऑब्जर्वर हेतु आवश्यक व्यवस्था, आईटी प्रबंधन एवं सांख्यिकी आंकड़ों का प्रबंधन, आईईएएस एवं ओलिन पोर्टल, मतगणना दिवस पर भोजन व्यवस्था, मीडिया मैनेजमेन्ट, मानदेय, वित्तीय प्रबंधन एवं निर्वाचन व्यय लेखा प्रबंधन, स्टैंडिंग कमेटी, निर्वाचन अवधि में अवकाश स्वीकृति, कर्मचारी कल्याण समिति, सुरक्षा समिति, सेन्स कमेटी एवं ईव्हीएम जागरुकता समिति, चिकित्सा प्रकोष्ठ, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री व्यवस्था, डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेन्ट प्लान तैयार करना, युआरएल अपडेशन एवं कम्प्युनिकेशन प्लान, परिचय पत्र प्रबंधन एवं वीडियोग्राफी प्रबंधन और निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र की गतिविधियों के समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों अधिकारियों को नियुक्त करते हुये उन्हें दायित्वों के निर्वहन क लिये निर्देशित किया गया है।

## संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए शीघ्र निराकरण के निर्देश

# कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में आए 95 आवेदन





**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्यायें सुनकर उनके यथोचित् निराकरण के संबंध में कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में 26 अक्टूबर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय कटनी के समभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित हुई। जिसमें संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते और डिप्टी कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये नागरिकों से उनकी समस्यायें सुनी और उनके आवेदन लिये। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुये उनके निराकरण के संबंध में कार्रवाई करने के लिये निर्देशित किया गया। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिले के लगभग 95 नागरिकों ने आवेदन अधिकारियों को दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर कोर्ट, अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद, जनपद पंचायत बहोरीबंद, जनपद पंचायत कटनी, जनपद पंचायत बड़वारा, तहसीलदार रीठी, नाजरात शाखा, रीडर टू नजूल, शिक्षा विभाग, शस्त्र शाखा, पॉवर ग्रेड, खनिज विभाग, रीडर टू कलेक्टर, श्रम अधिकारी, पशु चिकित्सा, आदि जाति कल्याण विभाग तथा कार्यालय अधीक्षक से संबंधित 1-1 आवेदन प्राप्त हुये। वहीं नगर निगम, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, आबकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, संस्थागत वित्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 2-2 आवेदकों ने अपने आवेदन दिये। साथ ही तहसीलदार बड़वारा, पुलिस अधीक्षक से संबंधित 3-3 आवेदन, तहसीलदार बहोरीबंद, लीड बैंक से संबंधित 4-4 आवेदन, तहसीलदार कटनी ग्रामीण से संबंधित 7, तहसीलदा कटनी शहरी और विद्युत विभाग से संबंधित 8-8 आवेदन, अनुविभागीय अधिकारी कटनी से संबंधित 12 तथा जिला पंचायत से संबंधित 17 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुये। इन सभी प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र निराकरण की कार्रवाई के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी भी जनसुनवाई में मौजूद रहे।

# जर्जर हो चुकी है बस स्टैंड से लेकर चाका तक की सड़क

## पतंजलि युवा भारत सहित ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** पतंजलि युवा भारत ने जनसुनवाई मे एसडीएम कटनी को ज्ञापन सौंपकर चाका ग्राम पंचायत मोड़ से कटनी बस स्टैंड तक के मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया है। एसडीएम को बताया कि कभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 7 का हिस्सा रहा यह मार्ग जबलपुर बायपास मार्ग बन जाने के बाद अब नगर निगम के आधीन है लेकिन नगर निगम द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। बस स्टैंण्ड से लेकर पन्ना मोड़, कुठला पुरैनी होते हुए चाका मोड़ तक के लगभग 6 किलोमीटर के हिस्से में कई जगह बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिनमें फंसकर वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे। जगह-जगह डामल उखड़ गया है। एसडीएम से अतिशीघ्र इस क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा ग्रामीणों की कुछ अन्य समस्याओं के ओर भी प्रशासन का ध्यान ज्ञापन के माध्यम से आकृष्ट कराया गया है।लखन साहू के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते समय कार्तिकेय अनिष गर्ग अमीन खान शुभम अरुण पटेल मिठाई लाल आदिवासी गुलाब बाई सरोज बाई रघुवीर चौधरी हरि यादव दीपक चौधरी बेगम व समस्त कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
वेन्टीलेटर सुविधा ट्रामा एवं एक्सीडेंट यूनिट सर्पदंश डी-प्वाइजन यूनिट
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
आयुष्मान भारत निरामयम, ई.एस.आई, राज्य शासकीय कर्मचारी, एम.पी.पुलिस एवं अन्य निजी मेडीक्लेम कंपनी के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

# जनसुनवाई में सहारा इंडिया की शिकायत लेकर पहुंचे खातेदार

## कलेक्टर की जगह अपर कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, वृद्ध को मौके पर ही तैयार कर आवंटित की गई ऋण पुस्तिका



**कटनी।** शासन के निर्देश पर समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई शिविरों का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जाता है। अधिकांश समस्याऐं लेकर जिले की विभिन्न तहसीलों से लोग मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच जाते थे। ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण जनपदों में ही हो, उन्हें जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े इस उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कटनी जिले में पिछले मंगलवार से एक नई व्यवस्था लागू की गई है जिसमें जनपदों में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में स्वयं कलेक्टर के उपस्थित रहने की व्यवस्था की गई है। इसे कलेक्टर कटनी का नवाचार बताया जा रहा। इसी कड़ी में कल मंगलवार 26 अक्टूबर को कलेक्टर की मौजूदगी में विजयराघवगढ़ में खंडस्तरीय जनसुनवाई शिविर आयोजित होना था। दो दिन पहले से ही शासकीय स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार भी किया गया पर एन वक्त पर कलेक्टर जनसुनवाई में उपस्थित नहीं हुए। उनकी जगह अपर कलेक्टर ने खण्डस्तरीय शिविर में उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनीं। विजयराघवगढ़ में आयोजित इस शिविर में वैसे तो ग्रामीणों ने ऋण पुस्तिका नहीं बनने, पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिलने, अनेक विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने, गरीबी रेखा कार्ड बनाए जाने जैसी शिकायतें कीं पर सबसे ज्यादा फरियादी सहारा इंडिया द्वारा लोगों की राशि नहीं लौटाए जाने की शिकायत लेकर आए थे। सहारा इंडिया की शिकायत लेकर आने वालों में विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉ. राज सिंह एवं डॉ. धनेश्वरी सिंह भी शामिल थीं। जनसुनवाई शिविर में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने लोगों के आवेदनों पर सुनवाई की और उनका निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई के दौरान राखी पुरैनी निवासी वृद्ध श्यामधर पिता ईश्वरी प्रसाद ने ऋण पुस्तिका बनवाए जाने के संबंध में आवेदन एडीएम श्री टोप्पो को दिया। जिसपर तत्काल कार्रवाई कराई गई और मौके पर ही पटवारी को आवश्यक कार्रवाई कर आवेदक को ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जिसके बाद महज कुछ ही समय में समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुये जनसुनवाई में ही ऋण पुस्तिका तैयार कराई गई और आवेदक को एडीएम ने जनसुनवाई में ही त्रण पुस्तिका सौंपी। आवेदन का तत्काल निराकरण होने पर आवेदक श्यामधर ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

इसी प्रकार जनसुनवाई में विजयराघवगढ़ निवासी राज सिंह ठाकुर, धनेश्वरी ठाकुर सहित अन्य जनों ने सहारा इंडिया द्वारा राशि न दिए जाने के संबंध में आवेदन दिया, तो वृद्ध फगुनी बाई निवासी खलवारा कैमोर ने आंखों के इलाज के लिए सहायता देने का आवेदन दिया। बालाप्रसाद तिवारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल इटौरा में राशि के गबन को लेकर जांच कराने के लिए आवेदन दिया। जिजनौड़ी निवासी विष्णुकांत तिवारी ने निजी आईटीआई पर कार्रवाई के लिए और उरदनी पड़रिया निवासी कैलाश प्रसाद शिवहरे ने ग्राम पंचायत द्वारा उनकी भूमि पर सड़क का निर्माण कराने को लेकर आवेदन दिया। इसके अलावा पीएम आवास का लाभ दिलाने, गरीबी रेखा कार्ड बनवाने, राजस्व मामलों सहित अन्य विभागों से जुड़े आवेदन भी जनसुनवाई में पहुंचे। अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने संबंधित विभागों को आवेदनों पर न्यायोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। खंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान 90 आवेदकों ने आवेदन दिए। इस दौरान एसडीएम प्रिया चंद्रावत, सीईओ जनपद राकेश शुक्ला, तहसीलदार राजेश कौशिक सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



### पीएम आवास की सर्वाधिक शिकायतें

विजयराघवगढ़ के ग्राम गुडगुड़ौंहा से भारी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे थे। इन ग्रामीणों का कहना था कि उनकी पंचायत ने लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा। आज भी गरीब परिवार कच्चे और टूटे मकानों में रह रहे। बारिश और धूप से बचने के लिए पन्नी और तिरपाल का सहारा लेना पड़ रहा।

# संक्रामक बीमारियों से असमय मर रहे किसानों के मवेशी

## पशु चिकित्सा विभाग पर लापरवाही का आरोप, ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं का टीकाकरण कराने सौंपा ज्ञापन



**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों एवं किसानों ने पिछले दिनों जनसुनवाई के दौरान पशुचिकित्सा विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया है कि पशु चिकित्सकों की लापरवाही के कारण पशुओं में अनेक संक्रामक बीमारियां फैल रहीं हैं जिससे पशुओं की असमय मौत हो रही। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं में फैलने वाली संक्रमण बैखरा बीमारी का प्रकोप दिनों दिन बढ़ता चला जा रहा है। जिसका प्रमुख कारण समय-समय पर पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जाना है। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कृषक एवं पशुपालक राकेश यादव, नरेश सिंह ठाकुर, बृजनंदन पटेल, जगदीश उरमलिया, अर्जुन तिवारी, प्रकाश यादव, रामरतन पटेल, रवि शंकर तिवारी, रूपेंद्र सिंह यादव, संतोष राजपाल, गंगा सागर मौर्य, श्याम लाल जायसवाल आदि ने कलेक्टर को शिकायत में बताया कि पशु चिकित्सकों द्वारा समय पर टीकाकरण ना करने एवं इलाज में लापरवाही के कारण आज किसान पशुपालक को भारी आर्थिक हानि हो रही है, साथ ही पशुओं में आपस में फैलने वाली बीमारी तेजी से बढ़ रही है। भनपुरा-2, हरदुआ, शाहपुर, बिचुआ, टेढ़ी, बरखेड़ा, छैहरी, शिवराजपुर, मोहनियां, बिचपुरा, गुबराधरी, सलैया, पहाड़ी निवार क्षेत्र आदि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की जीवन यापन का एकमात्र साधन पशुपालन है, परंतु वर्तमान में सैकड़ों की संख्या में गाय, भैंस, बैल, बकरी इस भयानक बीमारी से ग्रसित हैं, जिससे वह दूध देना बिल्कुल कम कर दिए हैं एवं चलने, उठने, बैठने में जानवर को बहुत परेशानी होती है, साथ ही अनेकों जानवर बेमौत मर रहे हैं, जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी प्रशासन द्वारा इस कार्य में नियुक्त पशु विभाग की है, हमारे ग्रामीण क्षेत्र में गाय, बैल, भैंस, बकरी आदि पशुओं की योजनाओं की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पाती, साथ ही टीकाकरण आदि हेतु चिकित्सक द्वारा कभी भी ग्रामीण क्षेत्र में दौरा नहीं किया जाता है, जिससे शासन योजना सभी ग्रामीण वंचित रह जाते हैं। पशुपालकों एवं ग्रामीणों एवं कृषकों ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर पशुओं का टीकाकरण एवं संक्रामक बीमारियों का समुचित उपचार कराया जाए। कलेक्टर द्वारा शिकायत का अविलंब निकरारण किए जाने का आश्वासन पशुपालकों को दिया गया है।

## किसी एक वार्ड को लक्ष्य बनाकर की जाती है सफाई


# सफाई अभियान चलाकर किया कीटनाशक दवा का छिड़काव



**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए रोजाना चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत राम निवास सिंह वार्ड में सामूहिक दलेल के माध्यम से सफाई अभियान चलाया जाकर वार्ड के विभिन्न स्थलों के नाले-नालियों सफाई एवं सार्वजनिक सडकों की सफाई की जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में राजोना नगर के एक वार्ड को चिन्हित किया जाकर सामूहिक दलेल के माध्यम से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा के मार्गदर्शन में सामूहिक दलेल के माध्यम से वार्ड स्थित हरिजन बस्ती, डॉ खान के पीछे, जे.पी.चौधरी के घर के पास, मुस्लिम बस्ती, चौधरी मोहल्ला, सांई मंदिर से शादिक भाईजान के घर तक, जगदीश किराना, पीपल के झाड के पास, दीपक बम्नहेल के घर के पीछे सहित वार्ड के अन्य स्थलों के नाले- नालियों की तल्ली से सफाई का कार्य किया जाकर अपशिष्ट की सामूहिक दलेल के माध्यम से कराई गई। वार्ड के मुख्य मार्गो की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त बस्तियों के मुख्य मार्गो एवं अन्य मार्गो में सामूहिक दलेल के माध्यम से झाडू का कार्य कराया, कचरे के ढेरों की सफाई की जाकर कचडा वाहन के माध्यम से कचरें के उठाव किया जाकर संक्रमण से बचाव हेतु समस्त स्थलों में कीटनाशक पाउडर एवं स्प्रेपंप के माध्यम से कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य कराया गया।

# प्रदेश के कई सरकारी भवनों की शोभा बढ़ा रहा कटनी का सेंड स्टोन

## शानदार कलाकृतियां मोह लेती हैं मन, आकर्षण का केंद्र है कलेक्ट्रेट परिसर का अनूठा पार्क



**कटनी।** कटनी कलेक्टर कार्यालय परिसर में बना पार्क अपने आप में अनोखा है। पार्क बाहर और अंदर पत्थर पर की गई कलाकारी आने वाले लोगों को बरबस ही आकर्षित करती है। पत्थर पर की गई विशेष कारीगरी, पत्थर के आकर्षक लैंप और बैठने के लिए बनाई गई बैंच इस पार्क की खासियत है। इतना ही नहीं सेंड स्टोन पर आकर्षक तरीके से बनाया गया फव्वारा भी पार्क की शोभा को दोगुना करता है। पूरे पार्क में जिले की खदानों से निकलने वाले सेंड स्टोन का उपयोग किया गया है। जिसमें शिल्प की समझ रखने वाले शिल्पकारों ने शानदार नक्काशी की है। जिले में मिलने वाला सेंड स्टोन शिल्प कारीगरी के लिहाज से उपयुक्त माना जाता है और तीन रंगों में मिलने वाले पत्थर की डिमांड प्रदेश के साथ ही दूसरे प्रदेशों में भी है।

### पहाड़ी को आकर्षक रूप देने पार्क बनाने का हुआ कार्य

कटनी को जिले का दर्जा मिलने के साथ ही अमकुही की पहाड़ियों पर कलेक्टर कार्यालय के नवीन भवन का निर्माण कराया गया। वर्ष 2006-07 में तत्कालीन कलेक्टर ए.म. सेल्वेन्द्रन ने कार्यालय के आगे पहाड़ी के हिस्से को आकर्षक बनाने की योजना तैयार की। जिसमें स्थानीय पत्थर को बढ़ावा देने और कारीगरी को सामने लाने का कार्य किया गया। नगर में वर्षो से सेंड स्टोन पर कारीगरी का काम करने वाले राजू खरे की मदद ली गई और योजना के तहत काम प्रारंभ हुआ। पार्क में सेंड स्टोन का उपयोग आकर्षक गेट बनाने से लेकर पूरी बाउंड्रीवाल बनाने में किया गया, जिसमें कारीगरों ने अपनी शिल्पकला का हुनर दिखाया तो अंदर लोगों के बैठने के लिए बनाई बैचों के साथ ही लाइटिंग के लिए लैंप भी सेंड स्टोन से ही तैयार कराए गए। पार्क के बीचों-बीच बनाए गए फव्वारे में भी सेंड स्टोन से ही कलाकृति बनाई गई है, जो लोगों को आकर्षित करती है।

### सेंड स्टोन को बढ़ावा देने अब किया जा रहा ये काम

जिले के सेंड स्टोन को बढ़ावा देने के लिए अब एक जिला एक उत्पाद के तहत सेंड स्टोन व मार्बल को चुना गया है। दोनों ही खनिज की देशभर में पहचान बढ़े इसके लिए जिला प्रशासन ''आधारशिला - कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल'' 9 से 28 नवम्बर 2021 तक आयोजित कर रहा है। जिला पुरातत्व कटनी, पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा यह आयोजन कटनी स्टोन एंड मार्बल एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें देशभर के कारीगरों को आमंत्रित किया गया और कारीगर फेस्टीवल के दौरान जिले के सेंड स्टोन, मार्बल पर कलाकृतियां तैयार करेंगे। जिनकी प्रदर्शनी लगाने के साथ ही सर्वश्रेष्ठ कलाकृतियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए महाकाल सरकार सेवा समिति सम्मानित

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोविड-19 कोरोना काल में मानव सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए महाकाल सरकार सेवा समिति एवं महाकाल गौमाता सेवा समिति को सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों को गमछा पहना कर प्रोत्साहन पत्र एवं माला अर्पण किया गया। समिति ने कहा कि यह सम्मान संस्था से जुड़े हुए सभी सदस्यों का है, जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाएं दी है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033

Email :- katni@yashbharat.com

### प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों हेतु लोन मेला आयोजित

कटनी। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित ई.डव्ल्यू.एस आवासों के पात्र हितग्राहियों को जिन्हे आबंटन पत्र जारी किया गया है। उपरोक्त हितग्राहियों को पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से लोन दिलाये जानें की कार्यवाही हेतु दिनांक 27 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2021 तक लोन मेला का आयोजन साधूराम स्कूल के बाजू से टी0सी0बजान में किया जा रहा है। नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना नें संबंधित पात्र हितग्राहियों से ऋण स्वीकृति हेतु बैंक से ऋण संबंधी खाता खुलवानें हेतु समस्त दस्तावेजों के साथ सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जोन कार्यालय टी0सी0बजान प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में उपस्थित होनें की अपील की है।

# घर –घर दस्तक अभियान से दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग प्राप्त करनें हेतु जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के कुशल निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा घर घर दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की भावना उत्पन्न करनें हेतु रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित प्रेमनगर में नागरिकों के मध्यम पहुंचकर स्वच्छता संबंधी पूछे जानें वाले 7 सवालों की जानकारी से अवगत कराते हुए पूछे जानें वाले 7 सवालों का सकारात्मक फीडबैक देकर नगर को स्वच्छता के उच्च पायदान का दर्जा दिलानें की अपील की गई। घरों से निकलनें वाले गीले, सूखे एवं हानिकारक कचरे के जानकारी से अवगत कराते हुए कचरा को पृथक पृथक डस्टबिन में रखनें एवं निगम के कचरा वाहनों में पृथक - पृथक देकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें के संबंध में अवगत कराया गया। घरों से निकलनें वाले गीले कचरे से घर पर ही होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से मटका खाद की विधि से अवगत कराते हुए निकलनें वाले कचरे की मात्रा को कम करनें एवं निर्मित खाद का उपयोग घर के गमलों एवं बगीचे में करनें की अपील की गई।



## नेशनल हाइवे पर पनागर में बायपास मार्ग पर दर्दनाक हादसा

# जिला अस्पताल से गर्भवती महिला को लेकर जबलपुर जा रही थी जननी एक्सप्रेस

**कटनी। जिला चिकित्सालय से रिफर होने के बाद बुधवार की रात एक गर्भवती महिला को जबलपुर के मेडिकल कॉलेज लेकर जा रही जननी एक्सप्रेस देरात राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर पनागर के पास ढाबे के सामने खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।**




हादसे में जननी एक्सप्रेस के कुठला कटनी निवासी चालक, गर्भवती महिला के कटनी निवासी भाई सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गर्भवती महिला सहित उसका पति और सास गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों का मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक पनागर स्थित रुद्राक्ष ढाबे के सामने ट्रक क्रमांक एम.पी.04एचई-6134 पहले से खड़ा था। रात 12:30 बजे के लगभग जिला चिकित्सालय कटनी से गर्भवती महिला के रिफर होने के बाद जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोष मेडिकल कॉलेज जा रही जननी एक्सप्रेस क्रमांक एम.पी.34डी-2786 पीछे से ट्रक में घुस गई। जननी एक्सप्रेस की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वाहन के आगे के परखच्चे उड़ गए।

### उमरिया से कटनी आई थी प्रसूता

जिला चिकित्सालय कटनी की जननी एक्सप्रेस पड़ोसी जिला उमरिया के इंदवार क्षेत्र निवासी गर्भवती महिला 25 वर्षीय रेखा बाई, उसके पति 29 वर्षीय राजकुमार रावत, सास 50 वर्षीय गीता बाई व रिश्ते में देवरानी 25 वर्षीय पनिया बाई तथा गर्भवती महिला के भाई सिरोंज कटनी निवासी 22 वर्षीय छोटू उर्फ सिपाही लाल कोल लेकर जबलपुर मेडिकल कॉलेज जा रही थी। गर्भवती महिला रेखा बाई को जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया गया था। यहां हालत बिगड़ने पर उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया था। जननी एक्सप्रेस कुठला कटनी निवासी चालक 18 वर्षीय घुन्नू यादव चला रहा था।

### गर्भस्थ शिशु सहित महिला की भी मौत

पुलिस के मुताबिक पनागर बायपास मार्ग स्थित रुद्राक्ष ढाबा के सामने जननी एक्सप्रेस पीछे से खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में जननी एक्सप्रेस चालक कुठला कटनी निवासी घुन्नू यादव, गर्भवती महिला के भाई सिरोंज कटनी निवासी छोटू उर्फ सिपाही लाल व गर्भवती महिला की रिश्ते की देवरानी पनिया बाई की मौके पर ही मौत हो गई। चालक घुन्नू यादव का शव फंस गया था। उसे दो घंटे बाद निकाला जा सका। वहीं गर्भवती महिला रेखा बाई, उसका राजकुमार और सास गीता बाई गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। तीनों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान गर्भवती महिला व उसके गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई।



# बल्कर की चपेट में आए युवक की मौत

### विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिनगौड़ी में दर्दनाक हादसा

**कटनी/विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिनगौड़ी में बुधवार को एक 10 पहिया वाहन के पहिए तले दबकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय घटित हुई, जब ग्राम सिनगौड़ी में बाजार लगा हुआ था और भारी वाहन यहां से निकल रहा था। उसी दौरान यह घटना हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए विजयराघवगढ़ अस्पताल भिजवाया और मर्ग पंचनामा कर आवश्यक कार्यवाही की। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम सिनगोड़ी में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था, लगती है, जहां पड़ोसी ग्राम के लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने के लिए आए थे। बाजार के दौरान सड़क के दोनों ओर दुकानें लगी हुई थी और जिसकी वजह से कई बार जाम लग रहा था। साप्ताहिक बाजार मुख्य मार्ग के किनारे लगने के कारण वाहनों का आवागमन भी स्वाभाविक है। इसी दौरान विजयराघवगढ़ से बरही की ओर जा रहे भारी वाहन बल्कर क्रमांक यूपी 70 ईटी 1922 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर मूलतः रीवा जिले के ग्राम सिमरिया निवासी 30 वर्षीय अमन पिता वीरेंद्र सिंह बगाही जोरदार ठोकर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गया और वाहन का चका उसके ऊपर से गुजर गया। ट्रक का पहिया युवक के सिर से गुजरने के कारण मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि अमन क्षेत्र में ही रहकर बढ़ई का कार्य करता था और बुधवार को सिनगौड़ी बाजार में खरीददारी के लिए आया था। पूर्व में भी बाजार के ही दिन हादसे हुए हैं, किंतु प्रशासन की अनदेखी के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। हादसे के बाद लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक फरार हो गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर के निर्देशन में पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पंचनामा कार्यवाही के उपरांत शव परीक्षण हेतु शासकीय चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस ने कार्यवाही कर वाहन को जप्त कर फरार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मौके पर मौजूद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि साप्ताहिक बाजार के दौरान पूर्व में भी ऐसे ही कई हादसे हो चुकी है किंतु जिम्मेदार प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जिस का विरोध करते हुए एकत्र नागरिकों ने मांग की है कि साप्ताहिक बाजार के दिन भारी वाहनों की आवागमन पर रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की हादसे ना हो सके।

**साप्ताहिक बाजार के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाके से निकल रहा था बल्कर, चालक फरार**

### 677 साल बाद बना विशेष संयोग, महासंयोग के साथ गजकेसरी योग

# पुष्य नक्षत्र आज : बाजार गुलजार



**कटनी।** दीपावली पर्व के दौरान शुभ मुहूर्त में खरीददारी के लिए इस बार विशेष संयोग बना है। दशहरा पर्व से ही लोग धनतेरस और दीपावली त्योहार की तैयारी शुरु कर देते हैं। धनतेरस के पहले आज 28 अक्टूबर का दिन बेहद है। आज पुष्य नक्षत्र है और गुरु शनि की दुर्लभ युति है। ज्योतिषियों का मानना है कि गुरु-पुष्य नक्षत्र पर ग्रहों की ऐसी स्थिति 677 वर्ष बाद निर्मित हुई है। अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग इस समय को और शुभ बना रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक कार्तिक कृष्ण पक्ष को आने वाले पुष्य नक्षत्र में दीपावली से पहले नई चीजें खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि घर में नई चीजें लाने से सुख-समृद्धि आती है। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनि देव को माना जाता है और मान्यता है कि शनि के नक्षत्र में मिलने वाले शुभ फल लंबे समय तक बने रहते हैं। शनि-वृहस्पति की मकर राशि में पुष्य नक्षत्र पर ऐसी युति 677 साल पहले 5 नवंबर, 1344 को हुई थी, इसलिए इसे महासंयोग माना जा रहा है। ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक इस साल गुरु शनि के साथ मकर राशि में विराजमान है। दोनों ग्रहों की चाल सीधी है और इन ग्रहों पर चंद्रमा की दृष्टि भी होगी, जिससे गजकेसरी योग भी बनेगा। चंद्रमा धन का कारक है और गुरु के साथ इसकी युति से बना गजकेसरी योग लोगों के लिए भाग्य लाता है। इस महासंयोग के शुभ अवसर पर निवेश करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इसका लाभ लंबे समय तक मिलेगा। बृहस्पति और शनि के बीच भी कोई दुश्मनी नहीं है, इसलिए गुरुवार को पुष्य-नक्षत्र अपनी शुभता में वृद्धि करेगा। घर, मकान, जमीन या जीवन बीमा जैसी पॉलिसी में निवेश करने से पहले अपने विशेषज्ञों से सलाह जरूर लेना चाहिए।

### गुरु पुष्य की युति में कौन सा चौघड़िया रहेगा

0 चर : सुबह 10.45 बजे से दोपहर 12.10 बजे तक
0 लाभ : दोपहर 12.11 बजे से दोपहर 01.36 बजे तक
0 अमृत : दोपहर 01.37 बजे से दोपहर 03.01 बजे तक
0 शुभ : शाम 04.26 बजे से शाम 05.51 बजे तक
0 अमृत : शाम 5.52 बजे से शाम 07.26 बजे तक
0 चार : शाम 7.27 बजे से रात 9.01 बजे तक

### शुक्र पुष्य पर चौघड़िया वार मुहूर्त

0 चार : सुबह 06.30 से 07.55 बजे तक।
0 मुनाफा : सुबह 07.55 से 09.20 बजे तक।
0 अमृत : सुबह 9.21 से 10.45 बजे तक।
0 शुभ : दोपहर 12.10 बजे से 01.35 बजे तक।

### पुष्य नक्षत्र में क्या खरीदें




पुष्य नक्षत्र पर लोग अपनी जरूरत के अनुसार चीजें खरीदते हैं लेकिन घर में नए कपड़े, अनाज, जूते या कोई जरूरी सामान खरीद सकते हैं, साथ ही दान करना भी शुभ होता है। गौशाला में हरी घास भी दान कर सकते हैं। भगवान शिव को प्रसन्न करना सौभाग्य लेकर आ सकता है।

### खरीद का उत्तम समय 25 घंटे 57 मिनट

सुख-समृद्धि के पर्व दीपावली से छह दिन पूर्व पुष्य नक्षत्र की खरीदारी का शुभ मुहूर्त गुरुवार और शुक्रवार को 25 घंटे 57 मिनट है। खरीद के महामुहूर्त पर बन रही सर्वार्थ-अमृत सिद्धि से रवि योग की त्रिवेणी ने इसे और खास बना दिया है। ज्योतिषियों के अनुसार इस महामुहूर्त में सोने के आभूषण, भूमि, भवन, वाहन सहित सभी प्रकार की खरीदारी शुभ रहेगी। इस दौरान नए कार्य का शुभारंभ स्थायी परिणाम देगा। ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील शास्त्री के अनुसार इस दिन सोना-चांदी और भूमि-निर्माण की खरीदारी विशेष रूप से लाभदायक मानी जाती है। पुष्य नक्षत्र कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि 28 अक्टूबर को प्रातः 9.41 बजे से 29 अक्टूबर को सुबह 11.38 बजे तक रहेगा।


### चतुर्थ पुण्यतिथि



29.10.2020

**स्व. श्री विजय कछवाहा**

कभी भुला नहीं पाएंगे आपकी मीठी मधुर स्मृतियां, आपका व्यवहार, आपकी बातें, सदैव हमें याद आएंगी। आज चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

आपकी याद में - फर्म : विजय कुमार-अजय कुमार फूड कंपनी
बिलैया तलैया, सब्जी मंडी, महलवार होटल के सामने, कटनी


### आम सूचना

समस्त आम जनता/समस्त वित्तीय संस्थाओं व संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि गुरुनानक वार्ड कटनी स्थित म्यु. भवन संख्या 637 (पुराना 269 व 203) पूर्व में मेरी पक्षकार श्रीमती ज्ञानशीला श्रीवास्तव ध.प. स्व. श्री विपिन बिहारी श्रीवास्तव, हाल निवासी झनेश्वर कॉलोनी, नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल के पिता काशी प्रसाद श्रीवास्तव के नाम पर दर्ज थी। मेरे पक्षकार के पिता काशी प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने जीवनकाल में एक वसीयतनामा भी मेरे पक्षकार के नाम पर निष्पादित की गई थी। मेरे पक्षकार के पिता काशी प्रसाद श्रीवास्तव की मृत्यु के उपरांत विरासतन हक में मेरी पक्षकार सहित समस्त पुत्र पुत्रियों का बराबर-बराबर हक अधिकार प्राप्त हुआ लेकिन मेरे पक्षकार के भाई शारदा प्रसाद श्रीवास्तव ने धोखा देकर मात्र अपना नाम नगर पालिक निगम अभिलेखों में दर्ज करा लिया था। जिसके संबंध में मेरी पक्षकार के द्वारा प्रस्तुत व्यवहार वाद क्रमांक-323 ए/16 न्यायालय श्रीमान पंचम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के द्वारा निर्णय दिनांक 29.01.21 के अनुसार स्वीकार करते हुए वादग्रस्त भवन पर वसीयत में दर्शित हिस्सा पूर्व से पश्चिम 15 फुट एवं उत्तर से दक्षिण 9 फुट का स्वत्वाधिकारी एवं आधिपत्यधारी माना गया है तथा शेष भवन पर मेरे पक्षकार का 1/4 भाग का स्वत्वाधिकारी माना गया है। मेरी पक्षकार के भाई शारदा प्रसाद श्रीवास्तव की मृत्यु हो चुकी है। न्यायालय के निर्णय के बाद नगर निगम कटनी में मेरे व अन्य बहिनों श्रीमती प्रतिभा खरे, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव का नाम भी नगर पालिक निगम अभिलेख में दर्ज हो चुका है। उक्त भवन के संबंध में एक अन्य बंटवारा एवं कब्जे का व्यवहार वाद क्रमांक 98 ए/21 न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के न्यायालय में लंबित है। मेरी पक्षकार को ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि शारदा प्रसाद श्रीवास्तव की पत्नी नीलम श्रीवास्तव, पुत्री आकांक्षा एवं अंशिका श्रीवास्तव के द्वारा उक्त भवन को लोगों को गुमराह कर तथ्य छिपाकर व अवैध रूप से विक्रय करना चाहते हैं। अतः इस आम सूचना के माध्यम से समस्त आम जनता/समस्त वित्तीय संस्थाओं व संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भवन को श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, पुत्री आकांक्षा एवं अंशिका श्रीवास्तव से क्रय न करें अन्यथा उन्हें भवन में किसी भी प्रकार का हक्क अधिकार प्राप्त नहीं होंगे।

**भवदीय - (मिथलेश जैन) एडवोकेट, वास्ते- श्रीमती ज्ञानशीला श्रीवास्तव**


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






सिर्फ नाम ही काफी है.....

**कजारिया**

भारत की नंबर 1 टाइल्स कंपनी

पता- कजारिया टाइल्स शोरूम एल.आई.सी. के सामने सेल्फी पॉइंट के पास बरगवां, कटनी मो. 9755044511

सिटी आफिस- जनता ट्रेडर्स सुभाष चौक जयदयाल रोड कटनी
मो. 9893562711 फोन नं. 07622- 356475






**समर्थ**

मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी
मो. 9425153498, 7067666668



**रत्ना मैरिज गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास

शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर

बजट आपका व्यवस्था हमारी

एक बार अवश्य पधारें

शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से

पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी

संपर्क :- 9425466630, 7999523588

शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान

कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033






अधिकृत विक्रेता- ओम ऑटोमोबाइल्स
जबलपुर रोड, बरगवां कटनी, फोन-07622-220527

त्यौहारों के इस मौसम में अनेक आकर्षक रंगों में उपलब्ध








स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)